भारतीय संविधान में आर्थिक हितों के संरक्षणार्थ सम्पत्ति अधिकार की भी व्यवस्था की गयी जो विविध संवैधानिक संशोधनों के बाद भी आज भी आर्थिक परिप्रेक्ष्य में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सम्पत्ति का अधिकार- भारतीय नागरिकों को वर्तमान समय में सम्पत्ति का अधिकार मूल अधिकार के रूप में प्राप्त नहीं है, लेकिन 1978 तक सम्पत्ति का अधिकार मूल अधिकार के रूप में प्राप्त था। 1950 से लेकर 1978 तक इस अधिकार के सम्बन्ध के रूप में अनेक संवैधानिक संशोधन हुए और यह अधिकार बहुत अधिक विवाद का विषय रहा। अत: आज भी आर्थिक इतिहास की दृष्टि से इस अधिकार का अध्ययन बहुत महत्वपूर्ण है।

भारतीय संविधान में सार्वजनिक कल्याण को दृष्टि में रखते हुए व्यक्तिगत सम्पत्ति के अधिकार और उस पर नियन्त्रण की आवश्यकता में सन्तुलन स्थापित किया गया है। अनुच्छेद 31 में घोषित किया गया है कि 'किसी भी व्यक्ति को उसकी सम्पत्ति से उस समय तक वंचित नहीं किया जायेगा जब तक कि ऐसा करने के लिए 'विधि का अधिकार' (Authority of Law) प्राप्त न कर लिया जाये और क्षतिपूर्ति की व्यवस्था न कर दी जाये।'

मूल रूप से संविधान में जो व्यवस्था की गयी थी उसके अनुसार कानून द्वारा भी कोई ऐसी व्यवस्था नहीं की जा सकती थी, जिसके अन्तर्गत किसी की व्यक्तिगत सम्पत्ति बिना उचित मुआवजे के ली जा सके, किन्तु 1951 के प्रथम संवैधानिक संशोधन द्वारा इसमें परिवर्तन किया गया है। इस संशोधन द्वारा यह निश्चित कर दिया गया है कि जमींदारी व जागीरदारी इत्यादि के अन्त से सम्बंधित विधेयक मुआवजे की व्यवस्था के न होते हुए भी वैध समझे जायेंगे।

प्रथम संशोधन के बाद भी राज्य द्वारा व्यक्तियों की भूमि के अतिरिक्त अन्य सम्पत्ति ग्रहण करने के मार्ग में कठिनाईयाँ बनी हुई थीं, अत: 1955 में संविधान में चतुर्थ संशोधन कर निश्चित किया गया कि 'सम्पत्ति ग्रहण करने के बदले में राज्य के द्वारा क्षतिपूर्ति की जानी चाहिए। लेकिन क्षतिपूर्ति की मात्रा विधानमण्डल द्वारा निर्धारित की जायेगी और क्षतिपूर्ति की पर्याप्तता की जांच न्यायापालिका द्वारा नहीं की जा सकेगी।'

27 फरवरी, 1967 को सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, 'इस निर्णय के बाद संसद को संविधान के भाग 3 के किसी उपबन्ध को इस तरह से संशोधन करने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा जिससे कि मौलिक अधिकार छिन जाये या सीमित हो जायें।'

उपर्युक्त निर्णय से ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गयी कि संसद आर्थिक और सामाजिक प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए या संविधान में दिये गये नीति निर्देशक तत्वों को कार्य रूप में परिणत करने के लिए कोई कार्य नहीं कर सकती थी। अत: गोकुलनाथ विवाद में किये गये निर्णय को रद्द करने के लिए 1971 में ही संविधान में 24 वाँ सशोधन किया गया। इस संवैधानिक संशोधन द्वारा यह निश्चित कर दिया गया है कि संसद को संविधान के किसी भी उपबन्ध को (जिसमें मौलिक अधिकार भी आते हैं) संशोधित करने का अधिकार होगा।

25वां संवैधानिक संशोधन, 1971 द्वारा अनुच्छेद 31 को संशोधित कर तथा अनुच्छेद 31 (ग) के बाद कुछ शब्दों को जोड़कर यह व्यवस्था की गयी कि 'सम्पत्ति के सार्वजनिक दृष्टि से अर्जन और उसके मुआवजे की राशि को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।'

29 वां संवैधानिक संशोधन, 1972 द्वारा केरल की भूमि सुधार के दो विधेयकों को संविधान की 9वी सूची में शामिल कर लिया गया और अब इन्हें न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। इस संवैधानिक संशोधन द्वारा यह निश्चित किया गया कि यदि भूमि के सीमाकरण से व्यक्तिगत जोत की भूमि भी प्रभावित होती है तो राज्य के द्वारा यह भूमि प्राप्त की जा सकती है और व्यवस्थापिका के द्वारा इस भूमि के बदले में मुआवजा निश्चित किया जा सकता है, जो उस भूमि के बाजार मूल्य से कम हो अर्थात् न्यायालय को मुआवजे की धनराशि पर विचार करने का अधिकार नहीं होगा। 34वां संवैधानिक संशोधन, 1974 और 40वां संवैधानिक संशोधन, 1976 भी इसी आशय के थे।

संविधान लागू किये जाने के बाद से ही अनेक पक्षों द्वारा यह सोचा जा रहा था कि भारतीय संविधान द्वारा नागरिकों को प्रदान किया गया सम्पत्ति का मूल अधिकार सामाजिक-आर्थिक-न्याय की प्राप्ति में बाधक बन रहा है और इसी कारण सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकार के रूप में नहीं बनाये रखा जाना चाहिए। सम्पत्ति के अधिकार के सम्बन्ध में 44वें संवैधानिक संशोधन (अप्रैल 1979) में नवीन प्रकार से व्यवस्था की गयी है जिसके अनुसार सम्पत्ति का अधिकार अब एक मूल अधिकार ही नहीं रहा है, वरन् केवल एक कानूनी अधिकार है। 'सम्पत्ति का अधिकार' मौलिक अधिकार के रूप में न रहने पर भी कानूनी प्रक्रिया के बिना शासन द्वारा किसी भी व्यक्ति की सम्पत्ति नहीं छीनी जा सकेगी। जिन व्यक्तियों के पास भूमि सीमाकरण कानून (Land Ceiling Act) की सीमा के भीतर भूमि है और इस भूमि पर वे स्वयं कृषि कार्य करते हैं तो बाजार मूल्य पर मुआवजा दिये बिना इन व्यक्तियों की भूमि राज्य द्वारा नहीं ली जा सकेगी।

देश में आर्थिक साम्य की दिशा में संविधान में उल्लिखित नीति निर्देशक तत्वों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। संविधान के नीति निर्देशक तत्वों का उद्देश्य भारत में 'लोक कल्याणकारी राज्य' की स्थापना करना है। 'राज्य नीति के निर्देशक सिद्धान्त भारतीय संविधान की एक अनोखी और महत्वपूर्ण विशेषता है।' यह विशेषता विश्व के मात्र आयरलैण्ड के संविधान में ही पाई जाती है। भारतीय संविधान के चौथे भाग में, अनुच्छेद 36 से लेकर अनुच्छेद 51 तक में इन निर्देशक तत्वों का उल्लेख किया गया है। राज्य-नीति के उक्त निर्देशक तत्व, संविधान द्वारा राज्य को दिये गए अनुदेश पत्र हैं, जिनका पालन राज्य के विधान मण्डल एवं कार्यपालिका को करना चाहिए। ये नीति निर्देशक तत्व वे सिद्धान्त हैं, जिस पर भारत की भावी आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक नीति निर्धारित होगी। पर राज्य नीति के ये निर्देशक सिद्धान्त कानून द्वारा बन्धनकारी नहीं है।

इस संबंध में काम की न्याय तथा मानवोचित दशाओं का उपबंध अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसके अनुसार राज्य काम की यथोचित और मानवोचित दशाओं को सुनिश्चित करने के लिए उपबन्ध करेगा।

श्रमिकों के लिए निर्वाह मजूरी संबंधी विधान या आर्थिक संगठन द्वारा अथवा और किसी दूसरे प्रकार से राज्य कृषि के, उद्योग के या अन्य प्रकार के सब श्रमिकों को काम, निर्वाह-मजदूरी, शिष्ट जीवन स्तर तथा अवकाश का सम्पूर्ण उपभोग सुनिश्चित करने वाली काम की दशायें तथा सामाजिक तथा सांस्कृतिक अवसर प्राप्त कराने का प्रयास करेगा तथा विशेष रूप से ग्रामों में कुटीर उद्योगों को वैयक्तिक अथवा सहकारी आधार पर बढ़ाने का प्रयास करेगा। राज्य जनता के दुर्बलतर विभागों के अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के शिक्षा तथा अर्थ-सम्बन्धी हितों की विशेष सावधानी से उन्नति करेगा तथा सामाजिक अन्याय तथा सब प्रकार के शोषण से उनका संरक्षण करेगा।

इन नीति निर्देशक तत्वों द्वारा राज्य की नीति के आर्थिक सिद्धान्तों का उद्घाटन होता है। यद्यपि ये राज्य के लिये अनिवार्य नहीं है तथापि जनता राज्य से अपेक्षा करती है कि नीति निर्धारण करते समय राज्य इन सिद्धान्तों को अवश्य ध्यान में रखे जिसका लाभ उठाकर भारत का प्रत्येक नागरिक स्वयं का तथा राष्ट्र का आर्थिक विकास कर सकेगा। देश में आर्थिक एकता की स्थापना कर लोक कल्याणकारी राज्य को संस्थापित करने में भारतीय संविधान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सुभाष सी. कश्यप - कॉन्स्टीट्यूशन ऑफ इण्डिया
2. अम्बेडकर, बी.आर.- भारत का संविधान
3. पान्डे, जयनारायण - भारत का संविधान
4. जे.साई., दीपक - ट्रेवल्स ऑफ ट्रेवर्नियर
5. करूवैया, शंकर गणेश- भारतीय अर्थव्यवस्था
6. सिंह, रमेश - भारतीय अर्थव्यवस्था

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIV

Analysis on Marketing Strategy of FMCG Products

Dr. Preeti Anand Udaipure*

***Assistant Professor (Commerce) Government Narmada College, Hoshangabad (M.P.) INDIA**

Abstract - According to the analysis of Marketing, many analyses have focused on non-durable goods branding strategies, very few researchers have relied on FMCG firms in general, and no study has explicitly focused on the bating soap category in FMCG companies. Despite the fact that very few relevant studies have focused on washing facilities shampoo and conditioner marketing and branding methods, the current study covers a research vacuum in the area of marketing strategy.

Further, the study focuses on the top 3 selling FMCG brands pertaining to bating soaps in India. The study will help the companies to understand the ground realties on efficiency of branding strategies adopted by the FMCG companies. The core of India lives in its towns, and the "Indian country market" through its incomprehensible degree and solicitation base offers mind boggling opportunities to publicists. Rustic promoting integrates keeping an eye on in excess of 700 million expected buyers and more than 40 for each penny of the Indian center pay. Henceforth, the provincial market needs particular methods for selling items and administrations. Further, the review will likewise make an endeavor to embrace basic aspects in marking techniques, for example, Brand Association, Brand Loyalty, view of Marketers towards select FMCG brands.

Keywords- Analysis of Marketing,Branding Strategies,FMCG Companies,FMCG Brands,Indian Rural Market.

Introduction - The real strength of successful brands is that they fulfil the expectations of those who purchase them, or in other words, they represent a promise maintained, resulting in the buyer's trust, belief, and devotion to the brand, persuading them to make repeat purchases without hesitation. Today, marketing plan has a huge problem with marketing. Furthermore, it has been observed that, as a result of the fast increasing competition in the FMCG industry, FMCG companies have been diversifying in their marketing methods, particularly in terms of branding. The Brand inclination and maintenance of the purchasers are a portion of the top most difficulties to the organizations to deal with the significance that brands show for the progress of the business associations, the current section presents the point by point understanding on Brand and Branding procedures, the idea of FMCG brand, grouping of FMCG brands. Further, the part presents the itemized examination on survey of writing, need and significance of the review, goals, system and burning plan created to look at the targets.

Brand technique is a drawn out plan for the advancement of a fruitful brand to accomplish explicit objectives. A distinct and executed brand procedure influences all parts of a business and is straightforwardly associated with buyer necessities, feelings, and serious conditions. There are many sorts of marking systems in promoting that will expand brand value, enhancing the organization. Brand system can possibly develop emphatically and arrive at well past the main interest group. There are a wide range of kinds of brand techniques that change in light of interest groups, advertising efforts, and financial plans. A generally welcomed brand technique can possibly develop brand value and set its place as a laid out brand. A few organizations utilize various methodologies to expand the chances of an effective mission. Marking is a basic piece of the business building process. Enormous companies burn through a huge number of dollars constructing their brands.

Marketing Mix Strategies - A company's advertising mix is the combination of manageable and strategic displaying tools used to elicit the desired response from its target market. Everything an organisation can do to increase interest in its product is included here. It's also a tool for facilitating the planning and implementation of advertising campaigns. The 4 Ps of the showcasing mix are essential to a successful advertising strategy. It's designed to help the company achieve its marketing goals by making its customers feel valued. Using the four Ps of the advertising mix, the product's position in its target market is depicted.

Figure:-1: Elements of a marketing strategies and its environmental framework

When deciding on an organization's system, the task of promoting blend in Strategy - Marketing blend is critical. In any case, this is the first stage in developing a marketing strategy or a showcasing plan. This is due to the fact that; the ad mix choice will also effect positioning choices. For the sake of specifics, division and execution are necessary. Depending on the value, a location can be selected. To make matters more complicated, the choices you make now will undoubtedly have an impact on your future career path. Thus, the exhibiting blend approach and division focusing and positioning are interdependent for all time.

Advertising blend incorporates and joins different variables that help you recognize and survey different elements, which will empower you to discuss actually with your objective purchasers. Promoting blend You can use this guide to help you identify and survey the various aspects of your products or services, such as their utility for your customers and their importance to customer preferences. In addition, a good distribution channel, where your target customer is bound to look for your supplied services or products, can be determined using the advertising mix.

The 4 P's of Marketing: Advertising blend incorporates and joins different variables that help you recognize and survey different elements, which will empower you to discuss actually with your objective purchasers. Promoting blend guides you towards distinguishing and surveying the different parts of your items or administrations comparable to their utility for your purchasers and their significance to buyer inclinations. Besides, advertising blend likewise gives guidance for the determination of a reasonable dissemination channel, where you target shopper are bound to search for your offered administrations or items

1. **Product-**The primary thing a business needs is an item. In this manner item is additionally the main variable in the showcasing blend. Item choices are the main choices you want to take prior to making any promoting arrangement. An item can be isolated into three sections. The center item, the increased item and the tertiary item.

2. **Pricing-**An item's value is always changing due to a variety of circumstances. An important consideration in determining the value of an item is the price of the item itself, as well as the costs of publicising and advertising it, as well as potential future changes in the item's cost. Many of these variables are subject to alter on their own.

3. **Place-**The item's dispersion channel is referred to as its "place." It should be as easy to find as possible if an object is a consumer item. Assuming the item is a Premium customer exclusive, it will only be available at a limited number of retail locations. Also, if the item is a commercial one, it will necessitate a group that works with businesses and makes the item available to them.

4. **Promotion-**ATL and BTL publicizing, as well as new arrangements, are all part of the evolving marketing mix, which integrates all of the various forms of integrated advertising. Progress is heavily dependent on the item and the estimation of choice. Brand/item mindfulness advancements are required if the item is completely new to the market, whereas brand review advancements are required if it is already in use. The split of the item's purpose and location is also completed by advancements.

Fig.2: Ps of Marketing

Product Strategy: In most cases, amazing products begin with a sensible approach that is tailored to the needs of the customer and the market. The use of a technique ensures that you are only working on what matters. It's also essential if you want to convey what's important to your group or organisation. The primary goal of a methodology is to provide the product manager with a course of action so that they can drive their product team and manage the business during the planning period. With the use of procedures, item managers may also help cross-functional groups and important partners understand the value of the items and how they will contribute to major business goals. Item lifecycle procedures are the foundation of an item's execution strategy for future events. While developing their product method, item pioneers focus on the right audience and define essential product and customer attributes.

Item procedure includes three central point:

Fig.3 Factors of Product Strategy

Vision-A decent vision portrays who the clients are, what clients need, and how you intend to convey an extraordinary contribution. The vision remembers subtleties for the market an open door, target clients, situating, a cutthroat investigation, and the go-to-advertise plan. Item Strategy Vision Goals Initiatives.

Goals-Objectives characterize what you need to accomplish in the following quarter, year, or year and a half.

Initiatives-Drives are the undeniable level endeavors that will assist you with accomplishing your objectives

An extraordinary technique begins with a reasonable item plan, a dream and a material that makes sense of how client and market influences shape the item's course. That is the reason you should imagine your system and connections.

Review of literature

F.L. Lifu , 2012. As the author has already mentioned, the packing is quite strong. According to the results of his research, customers' trust and loyalty can be bolstered and even impulse purchases can be stimulated by appealing packaging. Both the goods and its packaging have the power to captivate the buyer.

AdityaMaheshwari and GujanMalhotra July – December, 2011 The creator has spoken about the strength of the bundling. In his review observing he upholds that appealing bundling can incite even drive purchasing and wind the client's certainty and steadfastness. Bundling has solidarity to draw in the purchaser comparable to the item.

Bogea (2018)in his review learned the factors that can impact web-based entertainment reception by firms and how these factors impact reception. The review has additionally proposed a hypothetical model of online entertainment and tried exactly utilizing TAM, UTAUT, and Institutional Theory. The review was directed in two stages, mix of subjective and quantitative review. In the principal stage semi-organized interviews were led with senior advertising leaders of enormous organizations of various financial areas.

Al Rahbi (2017)directed a review to perceive the variables that impact SMEs in taking the choice about the virtual entertainment reception utilizing the TechnologyOrganisation-Environment (TOE) system. The review has followed a sequential blend of both subjective and quantitative ways to deal with arrive at the exploration targets. At first semi-organized interviews with 18 SMEs proprietor administrators in Muscat were led and determined a starter TOE model of 18 variables from the examination of the meetings.

Kalkan and Bozkurt (2017)expected to inspect the impression of SMEs about the online entertainment and their intentions of utilizing the web-based entertainment instruments. The information for the examination were gathered from SMEs working in Burdur utilizing straightforward arbitrary testing. The poll was utilized as an instrument to gather information with the end goal of exploration. Further, PC and measurable examination was done by utilizing SPSS 20 factual program. At last, a recurrence table with respect to the online entertainment use in SMEs was laid out.

Lacoste (2016)has contributed towards the exploration in the time of virtual entertainment with the target to comprehend how the key administrators utilize web-based entertainment record and how it assists them with collaborating with the key clients. The review pointed toward separating the virtual entertainment use between the selling and KAM capacities. The review followed a subjective exploration approach utilizing the grounded hypothesis technique. The specialists showed a model in view of investigated exact information and widened the utilization of virtual entertainment to the KAM work. KAM is in many cases the advancement from a straightforward transient offering point of view to an intricate, longer term one with a typical center capability, which is client relationship the board.

Rural Market

Fig.4 FMCG Shop in Rural Market of India

The ascent of rustic business sectors as extraordinarily unseen potential underlines the need to explore them. Sponsors over late many years, with inventive procedures, have tried to understand and tap country markets. A portion of their undertakings paid off many business sectors still an enigma. Rustic promoting is a creating thought, and as a piece of any economy, has unseen potential; publicists have perceived the entryway lately. Change in structure and accomplish, advertisers have understood the open door as of late.

The significant attributes of provincial market are:

- Costly, varying and dissipated market-Rural promoting is colossal and dispersed into different districts. There may be less number of shops and arrangement available in natural business sectors, in view of explicit reasons.

1. Rustic purchasers rely upon farming Rural achievement is attached with agrarian thriving. In the event of yield frustration, the compensation of masses is clearly

impacted.

2. "Way of life"- It is understood that overwhelming majority of the rustic people lives under destitution line and has low capability rates, low investment funds, underneath the level lifestyle, etc.
3. Grouped "Financial" establishment Due to contrasts in topographical reaches, and lopsided land readiness, country people has assorted monetary establishment, which at last impacts the provincial business sectors.
4. "Foundation offices": The framework offices like appropriation community, correspondence systems and cash related workplaces are insufficient in country areas so actual development is a test to marketing experts.

Conclusion - The examination depends on a client investigation of three select FMCG firms' marking techniques for their Bathing Soap Brand. Clients are all around informed about store brand accessibility, selling offers, and flavor distinguishing proof. The discoveries show that buyers are entirely learned about deals/markdown offers, yet they are less educated about item gatherings and determinations. The concentrate on brand inclination show that buyers were profoundly seen positive as to inclination of brand based on execution and quality and though the purchasers are less seen towards impact of reference gatherings. With respect to marking techniques, greater part of them have concurred that adding related new items in the product offering made them to like and purchase. Further, presentation of new items with expected highlights urged them to purchase. At last it is to reason that purchasers are very much aware of Bating cleanser brand presented by the 3 select organizations and further, it is seen that shoppers inclination of brands are chiefly inspired by their experience and organizations need to focus on advancing of brand by powerful advancement of value, elements and claims to fame to impact the brand inclination of the buyers.

References:-

1. Muhammad EhsanMalik, Muhammad Mudasarghafoor, Hafiz KashifIqbal, Qasim Ali, HiraHumbal , Muhammad Noman and Bilal Ahmad(2013), "Impact of Brand image and Advertisement on consumer buying behaviour", World Applied Sciences Journal, Vol.23, issue 1, pp:117-122.
2. Jain Pk&SangeetaBhatnagar(2014), "Purchase behaviour of branded men's wear- A study on youngsters and Professionals", Research journal's Journal of Marketing, vol.2, Issue1, February, 2014.
3. Suganthi V, 'Marketing strategy of FMCG Product: A Case Study of Hindustan Unilever Limited', International Journal of Academic Research and Development', vol.1, issue 9, September, 2016, pp.16-18.
4. Jitendra K Das, Om Prakash and VarshaKattri(2016). Brand Image Mapping: A Study on Bathing Soaps, Global Business Review, Vol.17, Issue 4, 2016.
5. Dubois, M. (2012). Extended producer responsibility for consumer waste: the gap between economic theory and implementation. Waste Management & Research, 30(9 suppl), 3642.
6. Eisenhardt, K. M., & Martin, J. A. (2000). Dynamic capabilities: what are they? Strategic management journal, 21(10-11), 1105-1121.
7. Eisenhardt, K. M., Furr, N. R., & Bingham, C. B. (2010). CROSSROADS-Microfoundations of Performance: Balancing Efficiency and Flexibility in Dynamic Environments. Organization Science, 21(6), 1263-1273.
8. Kumar, V., Mudambi, R., & Gray, S. (2013). Internationalization, Innovation and Institutions: The 3 I's underpinning the competitiveness of emerging market firms. Journal of International Management, 19(3), 203-206.
9. Kumar, M., Srai, J., Pattinson, L., & Gregory, M. (2013). Mapping of the UK food supply chains: capturing trends and structural changes. Journal of Advances in Management Research, 10(2), 299326.
10. Lin, Y., Luo, J., Zhou, L., Ieromonachou, P., Huang, L., Cai, S., & Ma, S. (2014, June). The impacts of service quality and customer satisfaction in the e-commerce context. In Service Systems and Service Management (ICSSSM), 2014 11th International Conference on (pp. 1-6)
11. Muller, M (2013) Nestlé baby milk scandal has grown up but not gone away.
12. Servaes, H., & Tamayo, A. (2013). The impact of corporate social responsibility on firm value: The role of customer awareness. Management Science, 59(5), 1045-1061. 26.
13. Schaffer, R., Agusti, F., &Dhooge, L. (2014). International business law and its environment. London: Cengage Learning.
14. Schein, E.H (2012) Organisational culture and leadership. Boston: Harvard University Press.
15. Shotter, J (2012) Emerging markets sustain Nestlé s profits
16. Simons, R. (2013). Levers of control: How managers use innovative control systems to drive strategic renewal. Harvard Business Press.
17. Teece, D.J (2009) Dynamic capabilities: organsing for innovation and growth. Oxford: Oxford University Press.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIV

भारत में प्राचीन काल में समय की गणना– एक ऐतिहासिक अध्ययन

डॉ. मधुसूदन चौबे *

* सह प्राध्यापक (इतिहास) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – गणित और विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय प्रगति का इतिहास अत्यंत प्रदीर्घ है। प्राचीनकाल में इस क्षेत्र में महती प्रगति हो चुकी थी। पश्चिमी विश्व के समय के मापन के बहुत पहले भारत में समय की गणना के अनेक मापदंड सुनिश्चित हो चुके थे। वेदों में इस संबंध में अनेक दृष्टांत मिलते हैं। वराहमिहीर और आर्यभट्ट की रचनाओं में समय के तत्वों का प्रामाणिक प्रतिपादन उपलब्ध है।

समय संबंधी भारतीय अवधारणा – भारत में समय या काल को आदि तथा अनंत एवं सृष्टि की शाश्वत सत्ता माना गया है। समय ही सृष्टि के संचालन का मूल है। काल के सापेक्ष ही सृष्टि के सभी चराचर प्राणी अपना जीवन व्यतीत करते हैं। काल के बिना इस संसार का कोई भी अस्तित्व नहीं है। काल की सत्ता अत्यंत विशिष्ट होने से यह अनिर्वचनीय है।

काल शब्द की व्युत्पत्ति कल संख्यायने धातु में घञ् प्रत्यय जोड़ने पर हुई है– 'कलयते लोकान इति काल:।' इसका आशय है– जिसकी लोक में गिनती होती है या की जा सकती है, वह 'काल' है। काल मुख्य रूप से दो श्रेणी का होता है– प्रथम– लोक का संहार करने वाला एवं द्वितीय– कलनात्मक या गणनात्मक अर्थात् गणना करने वाला। संहारक काल को महाकाल या अन्तकृत काल भी कहा जाता है।

पुराणों की दृष्टि से देखें तो हम पाते है कि काल सृष्टि का निर्माता और संहारकर्ता दोनों ही है। 'काल: सृजति भूतानि काल: संहरते प्रजा:।' या 'कालो जगद्भक्षक:।' अर्थात् काल जगत का भक्षण करने वाला है। 'कालो न यातो व्यमेव याता।' अर्थात् काल कहीं नहीं गया बल्कि हम स्वयं चले गए।

श्रीमद्भागवत के एक प्रसंग के अनुसार राजा परीक्षित द्वारा महामुनि शुकदेव से काल का अर्थ पूछने पर यह उत्तर मिला था कि – 'विषयों का रूपान्तर ही काल का आकार है। उसी को निमित्ता बना वह काल तत्व अपने को अभिव्यक्त करता है। वह अव्यक्त से व्यक्त होता है।'

वेदों में समय को 'कालपुरुष', उपनिषदों में 'आभासी सत्ता', पुराणों में 'विश्व नियंता' कहा गया है। बौद्धमत में यह 'भूत, वर्तमान तथा भविष्य' है। जैन मत इसको 'गति नियंता' एवं 'चेतन जगत का नाम देता है।

भगवान भास्कर ने 'सूर्य सिद्धांत' में काल को इस प्रकार अभिव्यक्त किया है–

'लोकानामन्तकृत काल: कालोऽनय: कलनात्मक:।
स द्विधा स्थूल सूक्ष्मत्वान् मूर्त्तश्चामूर्त्त उच्चयते।।'

इस श्लोक में काल के दो स्वरूप निरुपित किये गये हैं। पहले में काल को अन्तकृत लोक का विनाश करने वाला और दूसरे में कलनात्मक बताया गया है। कलनात्मक काल के भी दो भेद बताये गये हैं– प्रथम मूर्त एवं द्वितीय अमूर्त। जिस काल का व्यवहार किया जा सकता है वह मूर्त है तथा जिसका व्यवहार नहीं किया जा सकता, वह सूक्ष्म या अमूर्त कहा गया है।

प्रत्येक सृष्टि किसी कालखंड में अस्तित्व में होती है। यह एक शाश्वत नियम है कि जिसकी सृष्टि होती है, उसका लय भी होता है। एक सृष्टि के प्रारंभ से लेकर उसके लय तक की अवधि भी काल मापने की इकाई मानी जाती है। इस इकाई को अन्तकृत काल कहते हैं, क्योंकि इसका समापन लय के साथ होता है। जिस इकाई से सृष्टि के प्रारंभ से सृष्टि के अंत होने तक मध्य की कालावधि की गिनती की जाती है, वे सूक्ष्म एवं स्थूल इकाइयाँ कलनात्मक काल कही जाती हैं। सृष्टि का अंत या प्रलय भी काल की एक इकाई है, जिसे कल्प कहा जाता है। कल्प के अंत में ब्रह्मा विश्राम करते हैं। ब्रह्मा का एक दिन एक कल्प के बराबर होता है। उनकी एक रात्रि भी एक कल्प के समान होता है। विश्राम के उपरांत ब्रह्मा जी का दिन फिर से शुरु होता है और नई सृष्टि का सृजन होता है। इसी तरह यह क्रम गतिमान रहता है। ब्रह्मा को सृष्टि का निर्माण करने में 47400 दिव्य वर्ष की अवधि लगती है। तक कल्प में एक हजार महायुग होते हैं।

भास्कराचार्य ने अपने ग्रंथ 'सिद्धांतशिरोमणी' में लिखा है कि–

लंकानगर्यामुदयाच्च भानोस्तस्यैव वारे प्रथमं बभूव।
मधो: सितादेर्दिनमासवर्षयुगादिकानां युगपत् प्रवृत्ति:।।

इसका अर्थ यह हुआ कि जब लंका नगरी में सूर्य का पहली बार उदय हुआ तब चैत्र शुक्ल रविवार से दिन, मास, वर्ष, युग तथा कल्प आदि की प्रवृत्ति हुई। आचार्य भास्कर के अनुसार सूर्य का पहली बार उदय लंका नगरी से हुआ और तभी से सृष्टि का प्रारंभ हुआ।

श्रीमद्भगवद्गीता में काल के संबंध में उल्लेख आया है कि–

कालोस्मि लोकक्षयकृत्प्रवृद्धो लोकान्समाहर्तुमिह प्रवत:।
ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे येऽवस्थिता: प्रत्यनीकेषु योधा:।।

इस श्लोक के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि– हे अर्जुन ! मैं सम्पूर्ण लोक का निवाश करने वाला इन उग्ररूपों से सम्पन्न बढ़ा हुआ काल हूँ। मैं इन असूर लोगों का संहार करने के लिए ही प्रवृत्त हुआ हूँ। जो इस समय तुम्हारी प्रतिपक्ष सेनाओं में योद्धा स्थित हैं, ये सभी तुम्हारे बिना भी अर्थात् तुम्हारे युद्ध न करने पर भी जीवित नहीं रहेंगे।

श्रीमद्भागवत के एक प्रसंग के अनुसार राजा परीक्षित के महामुनि शुकदेव से काल का अर्थ पूछने पर यह उत्तर मिला था कि – 'विषयों का रूपान्तर ही काल का आकार है। उसी को निमित्ता बना वह काल तत्व अपने को अभिव्यक्त करता है। वह अव्यक्त से व्यक्त होता है।'

महाभारत के आदिपर्व में काल के संबंध में वेदव्यास जी ने लिखा है कि–

काल: सृजति भूतानि काल: संहरते प्रजा:।
संहरन्तं प्रजा: कालं काल: शमयते पुन:।।

काल ही समस्त जीवों की सृष्टि करता है और वही उनका संहार करता है। इस प्रकार उनके संहार के कारणभूत काल को वही अर्थात् महाकाल या परमात्मा का शामक रूप शांत करता है। इस प्रकार सृष्टि संहार का चक्र चलता रहता है।

काले हि कुरुते भावन् सर्वलोके शुभाशुभान्।
काल: संक्षिपते सर्वा: प्रजा: विसृजते पुन:।।

सृष्टि में सभी शुभ–अशुभ पदार्थों का रचयिता काल ही है। वह सब जीवों का विनाशकर्ता है और वही उनकी पुनरुत्पत्ति का कारण है।

काल: पचति भूतानि काल: संहरते प्रजा:।
काल: सुप्तेषु जागर्ति कालो हि दुरतिक्रम:।।

काल प्राणियों को निगल जाता हैं काल सृष्टि का विनाश कर देता है। यह प्राणियों के सो जाने पर भी उनमें विद्यमान रहता है। इसका कोई भी अतिक्रमण नहीं कर सकता।

दुरतिक्रम का अर्थ अजेय होता है। काल को परास्त नहीं किया जा सकता है। जगत में कोई भी प्राणी, वनस्पति अथवा जड़ पदार्थ नहीं है, जो एक निश्चित अवधि कके बाद नष्ट होने से बच जाए। काल की सीमा का अतिक्रमण करना संभव नहीं है। रावण जैसे त्रिलोकस्वामी समझे जाने वाले असुर भी काल के समक्ष परास्त हो गये। श्रीमद्भगवतगीता में श्रीकृष्ण ने कहा– 'जातस्य ध्रुवोर्मृत्यु:' अर्थात् उत्पन्न हुए सम्पूर्ण प्राणी या पदार्थ अवश्य ही मृत्यु या विनाश को प्राप्त होते हैं। यह अंतिम सत्य है।

महाकवि क्षेमेन्द्र के अनुसार–

अहो कालसमुद्रस्य न लक्ष्यन्ते तिसंतता:।
मज्जन्तोन्तरनन्तस्य युगान्ता: पर्वता इव।।

इसका आशय यह है कि काल के महासमुद्र में कहीं संकोच जैसा अन्तराल नहीं, महाकाय पर्वतों की तरह बड़े–बड़े युग उसमें समाहित हो जाते हैं।

भास्कराचार्य के 'सूर्यसिद्धांत' में काल के अखण्ड और सखण्ड दो स्वरूपों का उल्लेख किया गया है। अखण्ड स्वरूप सतत् विद्यमान है और पूरी सृष्टि के विनाश तथा उत्पत्ति का पर हेतु है। वही परब्रह्म एवं महाकाल है। वह भूत, वर्तमान तथा भविष्य के काल खंड से अलग है। सखण्ड काल दो क्रियाओं के मध्य विद्यमान है। इसकी त्रुटि आदि गणना की इकाइयों के रूप में गणना की जा सकती है। यह अनित्य है और सृष्टि के विलीन होने के साथ ही इस काल का भी नित्य या अखण्ड काल में विलय हो जाता है।

काल की गति के संबंध में दो मत हैं– पहले मत के अनुसार यह सीधी रेखा में गति करता है और दूसरे मत के अनुसार यह चक्र में भ्रमण करता है, इसलिए इसको कालचक्र की संज्ञा दी गई है।

काल के मानों का विवरण – भारतीय ज्योतिष शास्त्र में काल की गिनती करने हेतु काल के नौ मान निरुपित किये गये हैं–

ब्राह्मं दिव्यं तथा पैत्र्यं प्राजापत्यं च गौरवम्।
सौरं च सावनं चान्द्रमर्क्षं मानानि वै नव।।

ये हैं– ब्राह्म, दिव्य, पैत्रय, प्राजापत्य, गौरव, सौर, सावन, चान्द्र एवं नाक्षत्र। ये काल के मापक हैं। इनका संक्षेप में विवरण इस प्रकार है–

1. ब्राह्म मानम् – ब्रह्मा के एक अहोरात्र का मान दो कल्प के बराबर होता है। एक कल्प में एक हजार महायुग होते हैं। एक महायुग में 4320000 सौरवर्ष होते हैं।

2. दिव्य मानम् – इसका संबंध देवताओं से है। देवताओं का एक दिन मनुष्यों के एक वर्ष के समकक्ष होता है।

3. पैत्रय मानम् – यह पितरों से संबंधित है। पितरों का अर्थ होता है, मनुष्यों के वे पूर्वज जिनकी मृत्यु हो गई है। पितरों का एक दिन मानवों के एक पक्ष के बराबर होता है।

4. प्रजापति मान – इसका संबंध प्रजापति से है।

5. गुरु मान – इस मान की गणना गुरु या बृहस्पति ग्रह के मध्यम मान से की जाती है।

6. सौर मान – यह मान सूर्य से संबंधित है। इसकी गणना सूर्य के आधार पर की जाती है।

7. सावन मान – एक सूर्योदय से लगाकर दूसरे सूर्योदय तक के अंतर मान को ही सावन मान कहा जाता है।

8. चान्द्र मान – इस मान की गणना चन्द्रमा के आधार पर की जाती है।

9. नाक्षत्र मान – एक नक्षत्र से दूसरे नक्षत्र तक का उदय मान नाक्षत्र मान कहलाता है।

काल अनादि तथा अनन्त है, लेकिन उसको मापा जा सकता है। भारतीय अवधारणा में काल को मापने के लिए सूर्य, चंद्र, बृहस्पति आदि का उपयोग किया जाता है। काल को मापने के लिए उल्लिखित नवमानों में से चार कालमान हमारी दिनचर्या से सम्बद्ध है– सौर, चन्द्र, सावन एवं नाक्षत्र। मास से अधिक समय की गणना करने के लिए सौर मान का प्रयोग किया जाता है। भारतीय मान्यता में बारह राशियों का अस्तित्व है। इन राशियों के नाम इस प्रकार हैं– मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृष्चिक, धनु, मकर, कुंभ एवं धनु। सूर्य एक राशि में एक माह तक रहता है। बारह राशियों में घूमने में बारह माह या एक वर्ष का समय लगता है। मास की गणना चन्द्रमास से की जाती है। पूर्णिमा से पूर्णिमा तक एक चन्द्रमास होता है। दिन का मापन पृथ्वी के दिन या सावन दिन से की जाती है। दो सूर्योदय के मध्य के काल को सावन दिन या पृथ्वी का दिन कहा जाता है। एक नक्षत्र के उदय काल से दूसरे उदय काल तक के समय को नाक्षत्र काल कहा जाता है। नाक्षत्र दिन का मान 60 घटी या 24 घंटे होता है।

दैनिक कार्यों में जिन कालमानों का उपयोग किया जाता है, उसका विवरण इस प्रकार है–

1. काल के अवयव – काल के अवयवों को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है–

(अ) – अमूर्त काल – सूक्ष्म – सूक्ष्म कालखंड अत्यंत सूक्ष्म होता है, अत: इसको अमूर्त कहा जाता है। इसका प्रयोग सामान्य व्यवहार में नहीं होता है। यही कारण है कि इसको अव्यावहारिक काल कहा जाता है। इसकी सबसे छोटी या प्रथम इकाई 'त्रुटि' है। आंखों की पलक को झपकने में लगने वाले समय को 'निमेष' कहा जाता है। एक निमेष का तीन हजारवां हिस्सा 'त्रुटि' कहलाता है। इससे स्पष्ट होता है कि त्रुटि समय की कितनी सूक्ष्म इकाई है। इसके अंतर्गत त्रुटि, रेणु, लव, लीक्षक, प्राण आदि इकाइयाँ होती हैं। इसमें पद्मपत्र भेदनकाल = एक त्रुटि, 60 त्रुटि = एक रेणु, 60 रेणु = एक लव, 60 लव = एक लीक्षक एवं 60 लीक्षक = एक प्राण होता है।

1. त्रुटि – सूक्ष्मकाल की सबसे छोटी इकाई को 'त्रुटि' कहते हैं। नारद मत के अनुसार कमल के पुष्प के पत्र को सूई से छेदने में जितना समय लगता है, उसे त्रुटि कहते हैं। भास्कर मत के अनुसार निमेष का तीन हजारवां हिस्सा त्रुटि कहलाता है। आधुनिक गणना के अनुसार बात करें तो त्रुटि एक सेकंड का

बत्तीस लाख चालीस हजारवाँ हिस्सा होता है।

2. रेणु – त्रुटि से बड़ी इकाई रेणु कहलाती है। नारद मत के अनुसार रेणु त्रुटि का 60 गुना होता है। एक सेकंड का चौवनवाँ हिस्सा रेणु के बराबर होता है।

3. तत्पर – भास्कराचार्य के अनुसार निमेष के खराम भाग को तत्पर कहते हैं। खराम 30 की संख्या को इंगित करता है। निमेष का तीसवां भाग तत्पर कहलाता है। निमेष एक सेकंड का बत्तीस हजार चार सौवां हिस्सा होता है।

4. निमेष – पलकों के संयोग को एक निमेष कहा जाता है। वर्तमान गणना के अनुसार निमेष मिलिसेकंड से कुछ छोटा एवं माइक्रोसेकंड से एक हजार गुना अधिक होता है। निमेष एक सेकंड का एक हजार अस्सीवां हिस्सा होता है।

5. लव – रेणु के 60 गुने के बराबर समय को 'लव' कहते हैं। एक सेकंड का नौ सौवां हिस्सा लव होता है।

6. लीक्षक – लीक्षक का मान लव से 60 गुना अधिक होता है। एक सेकंड का चौवनवाँ हिस्सा लीक्षक होता है।

(ब) – मूर्त काल – स्थूल – यह स्थूल होने के कारण इसको मूर्त कहते हैं। इसे व्यावहारिक काल भी कहते हैं, क्योंकि इसका दिन–प्रतिदिन के जीवन में प्रयोग किया जाता है। इसकी सबसे छोटी या प्रथम इकाई 'प्राण' है। इसमें प्राण, विपल, पल, घटी, अहोरात्र, मास, वर्ष आदि इकाइयाँ सम्मिलित होती हैं।

1. 6 विपल = 1 प्राण,
2. 60 विपल = 1 पल,
3. 60 पल = 1 घटी (नाडी),
4. 60 घटी = 1 अहोरात्र,
5. 30 अहोरात्र = 1 मास,
6. 12 मास = 1 वर्ष या एक सौरवर्ष की अवधि होती है।

यदि हम इसको आधुनिक काल गणना की इकाइयों में रूपांतरित करें तो, इनका विवरण इस प्रकार होगा–

1. 24 सेकेण्ड = 60 विपल = 1 पल,
2. 24 मिनिट = 60 पल = 1 घटी एवं 2
3. 4 घंटा = 60 घटी = 1 अहोरात्र।
4. 1 मास = 30 अहोरात्र।
5. 12 मास = एक वर्ष।

2. काल की दीर्घ इकाइयाँ – काल आदि और अनन्त है, अत: जहां इसके मापन के लिए उपर्युक्त सूक्ष्म इकाइयाँ उपलब्ध हैं, वहीं कालमापन की अनेक बड़ी या दीर्घकालीन इकाइयों की भी रचना हुई है। इनका विवरण निम्नानुसार है–

अ– कृतयुग या सतयुग = 1728000 सौरवर्ष,
ब– त्रेतायुग = 1296000 सौरवर्ष,
स– द्वापरयुग = 864000 सौरवर्ष,
द– कलियुग = 432000 सौरवर्ष,
इ– महायुग = 4320000 सौरवर्ष,
ई– मनु = 306720000 सौरवर्ष,
उ– कल्प = 4320000000 सौरवर्ष,
ऊ. ब्राह्म अहोरात्र = 8640000000 सौरवर्ष,

भारतीय इतिहास की चक्रीय अवधारणा के अनुसार मुख्य रूप से चार कालों सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग एवं कलियुग की मान्यता है। सबसे अधिक समय सतयुग का है। इसके उपरांत के युगों की अवधि में क्रमश: कमी आ रही हैं इन चारों युगों की कालावधि के योग को महायुग की संज्ञा दी गई है। त्रेतायुग भगवान श्रीराम का तथा द्वापरयुग भगवान श्रीकृष्ण का युग रहा है। वर्तमान में हम कलियुग में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

संवत्सर –भारतीय कालगणना में संवत्सर का भी महत्वपूर्ण स्थान है। सामान्यत: संवत्सर का उपयोग समय की गणना के लिए एक वर्ष की अवधि के संदर्भ में होता है। हमारे देश में अनेक संवत्सर प्रचलित हैं। इनकी अवधि 11 माह से लगाकर 13 माह तक की है। ऋग्वेद, अथर्ववेद एवं अन्य शास्त्रों में कालचक्र के रूप में संवत्सर का उल्लेख उपलब्ध है। ज्योतिषीय परिभाषा के अनुसार बृहस्पति के मध्यम मान से राशि के एक भोगकाल को संवत्सर की संज्ञा दी गई है।

भारत में व्यावहारिक रूप से 60 संवत्सरों का प्रचलन है। ये संवत्सर तीन श्रेणियों में विभक्त किये गये हैं। इनका विवरण इस प्रकार है–

1. ब्रह्मविंशतिका –इस श्रेणी में बीस संवत्सर सम्मिलित हैं– प्रभव, विभव, शुक्ल, प्रमोद, प्रजापति, अंगिरा, श्रीमुख, भाव, युवा, धाता, ईश्वर, बहुधान्य, प्रभावी, विक्रम, वृष, चित्रभानु, सुभानु, तारण, पार्थिव एवं व्यय।

2. विष्णुविंशतिका – इस श्रृंखला में सम्मिलित बीस संवत्सरों के नाम अग्रानुसार हैं– सर्वजित्, सर्वधारी, विरोधी, विकृति, खर, नन्दन, विजय, जय, मन्मथ, दुर्मुख, हेमलम्बी, विलम्बी, विकारी, शर्वरी, प्लव, शुभकृत्, शोभकृत्, क्रोधी, विश्वावसु एवं पराभव।

3. रूद्रविंशतिका – इस वर्ग में भी बीस संवत्सरों का समोवश है। यथा– प्लवंग, कीलक, सौम्य, साधारण, विरोधकृत्, परिधावी, प्रमादी, आनन्द, राक्षस, नल, पिंगल, कालयुक्त, सिद्धार्थी, रौद्र, दुर्मति, दुन्दुभि, रूधिरोद्गारी, रक्ताक्षी, क्रोधन एवं क्षय।

विक्रम संवत –उक्त उल्लिखित 60 संवत्सरों या संवतों में से विक्रम संवत अत्यधिक प्रसिद्ध है। वर्तमान में भी इसका प्रयोग व्यापक रूप से हो रहा है। इस संवत्सर की शुरुआत अवन्तिका (उज्जैन) के सम्राट विक्रमादित्य द्वारा 57 ई. पू. में की गई थी।

विक्रम संवत के अनुसार एक वर्ष के बारह मासों के नाम इस प्रकार हैं– चैत्र, बैशाख, जयेष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन (क्वार), कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ एवं फाल्गुन।

मास के पक्ष एवं तिथियाँ तथा सप्ताह के दिन –दो चन्द्रोदय के मध्य के समय को चन्द्र मास कहा जाता है। ऐसे चन्द्र मासों की संख्या बारह है। जिनके नामों का उल्लेख पूर्व में किया जा चुका है। एक चन्द्रमास लगभग 29.5 दिनों का होता है। एक मास में तीस तिथियाँ या 30 चन्द्र दिवस सम्मिलित होते हैं। चन्द्र रेखांक को सूर्य रेखांक से 12 अंश ऊपर जाने में लगने वाले समय को एक तिथि कहा जाता है।

एक चन्द्र मास को दो पक्षों में विभक्त किया गया है। इन दो पक्षों के नाम हैं– शुक्ल पक्ष एवं कृष्ण पक्ष। प्रत्येक पक्ष में पन्द्रह तिथियां होती हैं। शून्य का नया चन्द्र और पन्द्रहवीं तिथि या पूर्णिमा को पूर्ण चन्द्र कहा जाता है। शून्य का आशय अमावस्या और पूर्ण का आशय पूर्णिमा होता है। शुक्ल पक्ष की पन्द्रहवीं तिथि पूर्णिमा होती है तथा कृष्ण पक्ष की पन्द्रहवीं तिथि अमावस्या होती है। अमावस्या से पूर्णिमा तक एक क्रम होता है और फिर पूर्णिमा से अमावस्या तक दूसरा क्रम होता है। दोनों क्रम दो पक्षों में पूर्ण होते हैं। यह पूरी अवधि चन्द्र मास कहलाती है।

इन पन्द्रह तिथियों के नाम इस प्रकार हैं– प्रतिपदा, द्वितीया, तृतीया,

चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी, नवमी, दशमी, एकादशी, द्वादशी, त्रयोदशी, चतुर्दशी, अमावस्या या पूर्णिमा।

सात दिन की अवधि को एक सप्ताह और दो सप्ताह की अवधि को एक पक्ष या पखवाड़ा कहा गया है। सात दिनों के नाम इस प्रकार हैं- सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार।

भारतीय नववर्ष या नवसंवत्सर : गुड़ी पड़वा -नवसंवत्सर का आशय है- नये वर्ष का प्रारंभ। भारतीय समय गणना के अनुसार प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नववर्ष का प्रारंभ होता है। इस तिथि को गुड़ी पड़वा कहते हैं। गुड़ी पड़वा का हमारे देश के लिए बहुत महत्व है।

प्रजापति ब्रहमा के द्वारा इस तिथि का सृजन किया गया था। सतयुग का प्रारंभ भी इसी तिथि से हुआ था। पौराणिक परंपरा के अनुसार भगवान विष्णु ने गुड़ी पड़वा के दिन ही मत्स्यावतार लिया था। अपने चौदह वर्षो के वनवास की अवधि के दौरान गुड़ीपड़वा को ही प्रभु श्रीराम ने किष्किंधा के राजा बाली का वध करके उसके स्वेच्छाचारी शासन का अंत किया था। बाली के वध के बाद प्रसन्न प्रजा ने पताकाएं बनाकर फहराई थीं। इन पताकाओं या झंडियों को गुड़ी कहते हैं। यह गुड़ी पड़वा के नामकरण का एक आधार है। हम प्रतिवर्ष गुड़ी पड़वा को बहुत उल्लास से मनाते हैं। इस दिन पोरण-पोली नामक स्वादिष्ट व्यंजन घर-घर में बनाया जाता है।

उपसंहार- इस तरह काल से संबंधित हमारी प्राचीन परंपराएं, धारणाएं एवं खोजें अत्यंत महत्वपूर्ण थीं। काल की सूक्ष्मतम और सटीक गणना करने का प्रारंभिक सामर्थ्य भारतीय मेधा में ही विकसित हुआ। वैदिक ग्रंथों तथा हमारे अन्य शास्त्रों में समय और अंतरिक्ष से संबंधित ऐसे अनेक सूत्र और रहस्य हैं, जिन्हें अभी भी समझने का प्रयास किया जा रहा है। साम्राज्यवादी इतिहासकारों ने भारत की छवि कपोल-कल्पनाओं, मिथकों, भ्रांतियों, अंधविश्वासों वाले देश के रूप में गढ़ी है, जो कि सही नहीं है। वस्तुत: हमारे देश में हर क्षेत्र में प्रगति के कीर्तिमान रचे गये। समय की गणना भी उनमें सम्मिलित हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. श्रीमद्भगवद् गीता, श्लोकार्थ सहित, गीता प्रेस, गोरखपुर, संस्करण- 2001.
2. श्रीरामचरित्मानस, रचयिता-तुलसीदास, गीता प्रेस, गोरखपुर, संस्करण-2005.
3. महाभारत, रचयिता, वेदव्यास, गीता प्रेस, गोरखपुर, संस्करण- 1998.
4. संपादित शिवपुराण, गीता प्रेस, गोरखपुर, संस्करण-1996.
5. श्रीविष्णुपुराण, गीता प्रेस, गोरखपुर, संस्करण-1997.
6. श्रीअग्निपुराण, गीता प्रेस, गोरखपुर, संस्करण-2002.
7. श्रीवायुपुराण, गीता प्रेस, गोरखपुर, संस्करण-2002.
8. बृहत्संहिता, लेखक- वराहमिहिर, चौखम्भा प्रकाशन, विद्याभवन, वाराणसी, संस्करण-1975.
9. आर्यभट्टीयम, लेखक-आर्यभट्ट, शास्त्र पब्लिशिंग ऑफिस, विद्दूपुर, मुजफ्फरपुर, संस्करण-1906.
10. भारतीय ज्योतिष, लेखक-नेमिचन्द्र शास्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ, नईदिल्ली, संस्करण-2004.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
April to June 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXIV

समकालीन हिन्दी कहानी में जन-जीवन : एक अध्ययन

डॉ. जयराम त्रिपाठी *

* सहा. प्रोफेसर, हेमवती नंदन बहु. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – हिंदी साहित्य, विशेषकर आधुनिक हिंदी साहित्य, विभिन्न आंदोलनों, अवधारणाओं, बोध और चेतना का साहित्य है। विभिन्न विधाओं का विकास हुआ। किंतु खासकर कविता और कथा-साहित्य ने युगीन चेतना से सर्वाधिक संपृक्ति दिखाई। इसमें नवीन जीवन-दृष्टि का सृजन हुआ। पर यह कभी भी एक रूप नहीं रही। इनमें हुए बदलाव स्पष्ट हैं। इन बदलावों के पीछे तदयुगीन सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तनशीलता, उसकी विसंगतियाँ और कुरूताएँ प्रभावी भूमिका अदा करती रहीं। आधुनिक हिंदी साहित्य का जन्म ही नवजा गरण से हुआ। यह चेतना ब्रिटिश साम्राज्यवाद के शोषण तथा उसकी जनविरोधी उन नीतियों के विरूद्ध थी जिसके तहत समूची भारतीय संस्कृति को ब्रिटिश शासकवर्ग नेस्तनाबूद कर देना चाहता था। और ऐसी परिस्थितियों में जन को वाणी देने के लिए साहित्यिक विधाओं में कविता बहुत अधिक कारगर भूमिका निभा सकती थी। फलस्वरूप खड़ी बोली गद्य के विकास के साथ-साथ कथा-साहित्य ने जन्म ग्रहण किया। कथा-साहित्य, साहित्य की वह विधा बनी जिसमें आम आदमी की उपस्थिति, उसकी सोच, उसकी समस्याएँ, उसकी पीड़ा और दर्द प्रत्यक्ष हो उठा। परिणाम यह हुआ कि कथा-साहित्य विधा लोकप्रिय ही नहीं हुई अपितु एक श्रेष्ठ साहित्यिक विधा के रूप में भी मान्य हुई।

कहानी की असली शुरूआत प्रेमचंद के आसपास होती है और प्रेमचंद इसके पहले शिल्पी हैं, प्रसाद उनके समकालीन। गुलेरी, जैनेंद्र, यशपाल से होती हुई कहानी स्वाधीनता-प्राप्ति का एक औजार बनी। यह सत्य है कि प्रेमचंद की कहानियों की पहचान अलग है तो प्रसाद की दूसरी। गुलेरी, जैनेंद्र, यशपाल आदि तो पूरी तरह से अलग। यदि ध्यान से देखा जाए तो इन सबमें मनुष्य के बदलते हुए स्वरूप का चित्रण है। पाश्चात्य भाषा, संस्कृति और सभ्यता के बढ़ते प्रभाव ने भारतीय मनुष्य को बदला। समाज का दर्पण होने के नाते साहित्य की सशक्त विधा कहानी को मनुष्य के इन बदलते रूपों को रेखांकित करना ही था और यह रेखांकन हुआ भी।

स्वाधीनता-प्राप्ति के साथ-साथ भारत तथा उसके मसीहाओं की निधि जहाँ अनेक स्वर्णिम कल्पनाएँ थीं वहीं अनेक चुनौतियाँ भी उनके सामने मुँह बाए खड़ी थी। स्वाधीनता-पूर्व भारत और स्वाधीनता-पश्चात् भारत में आधी रात के बाद जो बदलाव आया वह बदलाव किसी सर्जक कलाकार से अछूता नहीं रह सकता था। सन् 1948 में गाँधी के रूप में एक मूल्य मरता है और सन् 1952 में संविधान के रूप में एक नये मूल्य का सृजन होता है। नेहरू की कल्पनाशीलता से अप्रभावित यथार्थ की ओर उन्मुख उस काल के रचनाकार नयी कविता, नयी कहानी का सृजन करते हैं जिसमें नये शब्दों की तलाश, नये अर्थों की अभिव्यक्ति, नये क्षेत्रों की समस्याओं को साक्षात करने की पुरजोर कोशिश है। रचनाकार अंचल विशेष की ओर भी मुड़े। उनके समक्ष अज्ञात-अपरिचित मनुष्य की पूर्ण अभिव्यक्ति की चुनौती थीं। ठीक यही स्थिति भी उपन्यासकारों की भी। 1960 तक हम, हमारे रचनाकार भारतीय राजनेताओं के बड़े-बड़े, लंबे चौड़े भाषणों में, वायदों में अपने सुख और स्वाधीनता के स्वप्न देखते रहे पर सन् 1962 के आसपास हमारा मोहभंग हुआ। स्वाधीनता आम आदमी की दो जून की रोटी भी उपलब्ध नहीं करा पायी। स्वाधीनता खतरे में पड़ती दिखी। आम आदमी अपने अस्तित्व पर आये संकट से केवल घबराया ही नहीं था, कुंठित भी था। आज वह अंग्रेजों के काल से अधिक शोषित, पीड़ित, दुखी था। वह अकेला हो गया था। उसकी भूख, उसे साहित्य से भी अलग दूर कर रही थी। उसका भटकाव साहित्य भी समाप्त नहीं कर पा रहा था। यह वह दौर था जब मुक्तिबोध और धूमिल सामने आते हैं मुक्तिबोध अँधेरे में हमारे भटकाव, संत्रास को रेखांकित करते हैं तो धूमिल साहित्य के जीवन के प्रति दायित्व पर प्रश्न खड़ा करते हैं कि जो कविता रोटी न दे सके, रहने को छाँव न दे सके, उस कविता से क्या लाभ? ठीक यही स्थिति हिंदी कहानियों की थी। साहित्य का प्रश्नचिन्ह उपस्थित था और यह प्रश्नचिन्ह चीनी आक्रमण तथा उसमें मिली पराजय से और स्याह होता है। यह उस भाई का हमला था, अधिकार छीनने का प्रयास था, जो हमारा था, हमारी कल्पनाओं का राजा था।

चीन से भारत की पराजय और राजनीति में बढ़ते भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद से उत्पन्न चेतना-बोध या आम आदमी की सोच, प्रेमचंद के काल की सोच, जैनेंद्र आदि के काल की सोच से अलग की सोच थी और यह सोच, आम आदमी की यह चिंता, पीड़ा, ऐसी पीड़ा थी जो निरंतर बढ़ती गयी और 1995 के अंत तक वटवृक्ष बन चुकी। 1960 के बाद पाश्चात्य देशों की संस्कृति और सभ्यता ने भी भारतीय मानस को प्रभावित किया। उनकी अच्छाइयाँ तो नहीं आ पायीं लेकिन उनकी बुराइयों ने हमारे भीतर जड़ जरूर जमायीं। इन सब विरूपताओं से आम आदमी को संघर्ष करना था। इसका रास्ता उसे साहित्यकार ही बता-दिखा सकते थे। रचनाकारों ने रास्ते की खोज की इस खोज में वे भारत की अपेक्षा विदेशों में बहुत भटके और वहाँ प्रस्तुत समाधानों के माध्यम से यहाँ की समस्याओं का निराकरण करना चाहा।

ध्यान से देखा जाए तो सन् 1960 के बाद से लेकर आज तक की

समस्याएँ, अवधारणाएँ, बोध और चेतना एक ही है। हाँ, यह अवश्य है कि इसके समाधान के रास्ते अलग-अलग पेश हुए। लेकिन सभी समस्याएँ यथावत रह गयीं। फलस्वरूप इस एकरूपता के कारण सन् 1960 के बाद के साहित्य को समकालीन संज्ञा से अभिहित किया गया। देखने में तो यह शब्द काल-सापेक्ष दिखाई देता है किंतु यह एक अवधारणा है, बोध है और दर्शन भी। आज के रहने वाले सभी व्यक्ति समकालीन नहीं हो सकते। समकालीन वही व्यक्ति हो सकता है जिसे आज के समय-सत्य की परख हो, पहचान हो, उससे उसका तादात्म्य हो। वस्तुत: मनुष्य जाति के बेहतरी की दिशा में किये जाने वाले प्रयत्नों की विचार-प्रणाली का नाम है समकालीनता। इसकी सोद्देश्यता मनुष्य जाति के विकास की दिशा में किये जाने वाले सार्थक प्रयासों के लिए अपार संभावनाओं का द्वार खोलती है। समकालीनता आधुनिकता से यहीं पर अलग है; यद्यपि आधुनिकता भी बोध है, अवधारणा है, एक गतिशील धारा है। विविध विचार-विधियों और भाव-बोधों-यहाँ तक कि परस्पर विरोधी भाव-बोधों का समवेत रूप है। पर है यह मूल्य। यह समकालीनता की तरह प्रयत्नों को तीखा बनाने वाली विचार-सरणि नहीं है। सत्य तो यह है कि आधुनिकता के आगे की कड़ी समकालीनता है। 'इस बोध की सबसे महत्तवपूर्ण शक्ति इस बात में अंतर्निहित है कि परंपरा की अनमोल विरासत को यह न केवल सायास अर्जित करती है अपितु उसके विकास की दिशा में वह हर प्रकार का प्रयत्न भी करती है। आधुनिकता में जहाँ विकास-चरण सर्वोत्ताम के चयन पर आकर अटकते हैं, वहीं समकालीनता में विकास के सारे प्रयत्न सुनियोजित भी होते हैं। उसके नियोजन में कुशलता और दक्षता का बोध भी होता है।'

